# हरियाणा विधान सभा

**बजट सत्र 2024**

**अतारांकित प्रश्न**

## 26 फ़रवरी 2024

----

**कुल प्रश्न** - 31

----

**सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण करना**

81 **श्री प्रदीप चौधरी (कालका):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या सार्वजनिक उपयोग के लिए कालका तथा पिंजौर कस्बों के बाजारों में सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त कस्बों में ऐसे सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण कार्य कब तक किए जाने की संभावना है; तथा

(ख) गत् 10 वर्षों के दौरान उपरोक्त कस्बों में निर्मित किए गए सार्वजनिक शौचालयों की संख्या कितनी है?

----

## अग्नि सुरक्षा अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करना

82 **श्री प्रदीप चौधरी (कालका):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या कालका, बरवाला, पिंजौर तथा रायपुररानी के सरकारी अस्पतालों द्वारा अग्नि सुरक्षा के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र लिया गया है; यदि हां, तो उपरोक्त अस्पतालों के संबंध में अग्नि सुरक्षा अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए आवेदनों को आवेदित करने की तिथियां क्या हैं ?

----

## बाई-पास पर यातायात आरंभ करना

83 **श्री प्रदीप चौधरी (कालका):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि सुखोमाजरी बाई पास का निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है तथा उपरोक्त बाई-पास को यातायात के लिए कब तक खोले जाने की संभावना है?

----

## बिजली उप-मंडल को स्थापित करना

84 **श्री प्रदीप चौधरी (कालका):**

क्या ऊर्जा मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि वर्ष 2021 में सरकार द्वारा अमरावती एनक्लेव, पंचकूला में बिजली उप-मंडल स्थापित करने की घोषणा की गई थी; यदि हां, तो उपरोक्त उप-मंडल कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है?

----

## एक्सप्रेसवे पर निकास उपलब्ध कराना

85 **चौ. आफताब अहमद (नूंह):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि नूंह, पलवल, गुरुग्राम जिलों के लोगों को मुंबई एक्सप्रेसवे पर जयसिंहपुर, उजीना पर अलवर की ओर जाने के लिए निकास उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा आश्वासन दिया गया है;

(ख) क्या उक्त आश्वासन पूरा किया गया है; यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं तथा उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) दिल्ली- मुंबई एक्सप्रेसवे पर मरोडा, खानपुर, नगीना के लिए एक निकास/ प्रवेश उपलब्ध नहीं करवाने के क्या कारण हैं तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## मेवात फीडर नहर तथा गुरुग्राम जल सेवाएं नहर की परियोजना को पूरा करना

86 **चौ. आफताब अहमद (नूंह):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) सरकार द्वारा मेवात क्षेत्र को जलापूर्ति के लिए मेवात फीडर नहर तथा गुरुग्राम जल सेवाएं नहर की परियोजना के वर्तमान कार्यों की प्रगति रिपोर्ट का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार द्वारा मेवात फीडर नहर तथा गुरुग्राम जल सेवाएं नहर की परियोजना के कार्य को पूरा करने के लिए समय अवधि निर्धारित की गई है; यदि हां, तो मेवात क्षेत्र के लिए जल आपूर्ति कब तक किए जाने की संभावना है; तथा

(ग) उक्त परियोजना के कार्य को पूरा करने के बाद मेवात क्षेत्र के लिए पानी की कितनी मात्रा उपलब्ध कराए जाने की संभावना है?

----

## आरोही मॉडल विद्यालयों में छात्रों की संख्या

87 **चौ. आफताब अहमद (नूंह):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) वर्ष 2017 से 2024 तक जिला नूंह के आरोही मॉडल विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या कितनी है तथा इन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की संख्या कितनी है तथा उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) वर्ष 2017 से 2023 तक जिला नूंह के आरोही मॉडल स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के परिणाम का ब्यौरा क्या है?

----

## शिक्षकों के स्वीकृत पदों की संख्या

88 **चौ. आफताब अहमद (नूंह):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

**(क)** मेवात कैडर में 1 जनवरी, 2015 से 1 जनवरी, 2024 तक सरकार द्वारा भर्ती किए गए शिक्षकों की संख्या कितनी है तथा उसका विषय वार-ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) मेवात कैडर में स्वीकृत जूनियर बेसिक टीचर, प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक तथा अन्य शिक्षकों के कितने पद हैं तथा मेवात कैडर में नियमित शिक्षकों, अतिथि शिक्षकों तथा हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत भर्ती किए गए शिक्षकों की संख्या कितनी है तथा इसका सम्पूर्ण ब्यौरा क्या है?

----

## पंजीकृत आपराधिक घटनाओं की संख्या

89 **श्री भारत भूषण बतरा ( रोहतक):**

क्या गृह मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) राज्य में नवम्बर, 2019 से जनवरी, 2024 तक सरकार द्वारा पंजीकृत की गई निम्नलिखित प्रकार की आपराधिक घटनाओं की वर्ष-वार तथा जिला-वार संख्या कितनी हैः-

(I) लड़कियों/महिलाओं के साथ छेड़छाड़;

(ii) बलात्कार;

(iii) लूटपाट तथा आगजनी;

(iv) चोरी;

(v) राजमार्ग डकैती;

(vi) हत्या;

(vii) वाहन अपराध/वाहन चोरी;

(viii) चेन छिनना;

(ix) फिरौती;

(x) ऑनर किलिंग;

(xi) धोखाधड़ी तथा अन्य अपराध;

(ख) उपरोक्त सभी पंजीकृत आपराधिक घटनाओं का समाधान कब तक किए जाने की संभावना है तथा वर्ष-वार तथा जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार उपरोक्त घटनाओं की रोकथाम करने में विफल रही है; यदि नहीं, तो आपराधिक घटनाओं के बढ़ने के कारण क्या हैं तथा उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(घ) उपरोक्त पंजीकृत आपराधिक घटनाओं के समाधान में देरी के कारण क्या हैं तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## शराब की बिक्री से सम्बन्धित दर्ज मामलों की संख्या

90 **श्री भारत भूषण बतरा ( रोहतक)ः**

क्या गृह मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) नवंबर, 2019 से जनवरी, 2024 तक राज्य में अवैध तथा जहरीली शराब की बिक्री के

संबंध में राज्य सरकार द्वारा दर्ज मामलों की जिलेवार संख्या कितनी है तथा उसका ब्यौरा क्या है;

(ख) उपरोक्त समय अवधि के दौरान अवैध तथा जहरीली शराब की बिक्री के कारण हुई मौतों की जिलेवार संख्या कितनी हैं तथा उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) जनवरी, 2014 से राज्य में उक्त समय अवधि के दौरान अवैध तथा जहरीली शराब की बिक्री पर प्रत्येक जिले में दर्ज की गई प्रथम सूचना रिपोर्ट पर सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई तथा उसकी वर्तमान स्थिति क्या है; तथा

(घ) उपरोक्त घटनाओं को रोकने के लिए सरकार द्वारा अब तक क्या कार्रवाई की गई है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## अवैध रेत खनन घोटाले की पंजीकृत घटनाओं की संख्या

91 **श्री भारत भूषण बतरा ( रोहतक)ः**

क्या खान और भूविज्ञान मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) नवंबर, 2019 से जनवरी, 2024 तक डाडम, तावडू, नूंह, नारनौल तथा भिवानी क्षेत्र में अवैध रेत खनन घोटाले से संबंधित सरकार द्वारा पंजीकृत घटनाओं की वर्ष-वार संख्या कितनी है तथा उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) उक्त घोटाले में अब तक दर्ज की गई प्रथम सूचना रिपोर्ट पर क्या कार्रवाई की गई तथा उसकी वर्तमान स्थिति क्या है?

----

## आई.पी.एस अधिकारियों के इजराइल दौरे के संबंध में ब्यौरा

92 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी)ः**

क्या गृह मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि वर्ष 2018 में आई.पी.एस. अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने इजराइल का दौरा किया था; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त दौरे के संबंध में अधिकारियों द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट की प्रति उपलब्ध कराये?

----

## आउटसीस कोटे के तहत प्लाटों में धोखाधड़ी तथा भ्रष्टाचार का ब्यौरा

93 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि वर्ष 2016 में श्री ज्ञानचंद गुप्ता, विधायक द्वारा पंचकूला शहर में दिनांक 08.09.2015 को आउटसीस कोटे के तहत 13 प्लाटों के आवंटन में धोखाधड़ी तथा भ्रष्टाचार के बारे में शिकायत दी गई थी; यदि हां, तो इस संबंध में शिकायत प्राप्त होने के बाद की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह तथ्य है कि माननीय मुख्यमंत्री ने उक्त शिकायत की जांच सी.बी.आई से कराने की सिफारिश की है; यदि हां, तो वह तारीख/आधार जिस पर उक्त सिफारिश गई थी तथा उक्त जाँच के परिणाम का ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) क्या सी.बी.आई से जांच कराने की पहले की सिफारिश के बाद मुख्यमंत्री द्वारा अन्य एजेंसी से जांच कराने की कोई सिफारिश की गई थी; यदि हां, तो इस संबंध में की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है?

----

## युवक के शव को वापस लाना

94 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :-

(क) क्या सरकार द्वारा उन युवाओं के शव को वापस लाने के लिए कोई नीति बनाई गई है

जो डोंकी के रास्ते से विदेश जाते है तथा वहां उनकी मृत्यु हो जाती है; तथा

(ख) यदि नहीं, तो उक्त नीति के कब तक बनाए  जाने की संभावना है?

----

## मेट्रो के माध्यम से फरीदाबाद को गुरुग्राम से जोड़ना

95 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :-

(क) क्या यह तथ्य है कि मेट्रो ट्रेन के माध्यम से फरीदाबाद को गुरुग्राम से जोड़ा जाना है जिसमें एक स्टेशन प्याली चौंक है; यदि हां, उक्त परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) उक्त परियोजना पर खर्च की जाने वाली संभावित राशि कितनी है तथा अब तक बजट में किये गए प्रावधानों का ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) उक्त परियोजना के कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है तथा इसका ब्यौरा क्या है तथा डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट की प्रति उपलब्ध कराए?

----

## नवीनीकरण ऊर्जा उत्पादन का ब्यौरा

96 **श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या ऊर्जा मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या गत् पांच वर्षों में राज्य में नवीनीकरण ऊर्जा खरीद दायित्व तथा खरीदी गई वास्तविक ऊर्जा का वर्ष वार ब्यौरा क्या है तथा सरकार द्वारा निर्धारित नवीनीकरण ऊर्जा उत्पादन के लक्ष्यों एवं राज्य में गत् पांच वर्षों के दौरान उत्पादित नवीनीकरण ऊर्जा का ब्यौरा क्या है?

----

## राज्य लेखा परीक्षा से सम्बन्धित

97 **श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य लेखा परीक्षा विभाग के संबंध में निम्नलिखित जानकारी बताने की कृपा करेंगे:-

(क) गठन की तिथि;

(ख) संरचनात्मक पदानुक्रम;

(ग) पदों की स्वीकृत संख्या तथा भरे गए पदों की स्थिति;

(घ) लेखा परीक्षा के लिए कवर किए जाने वाले आयशित विभाग तथा संस्थान; तथा

(ङ) विभाग एवं संस्थाओं का ब्यौरा जिनका वर्तमान में लेखा परीक्षण किया जा रहा है?

----

## अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करना

98 **श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) अनधिकृत कॉलोनियों की स्वीकृति के लिए शर्तों को आसान बनाने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए है तथा इसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) गत् पांच वर्षों में नियमित की गई अनधिकृत कालोनियों की संख्या कितनी है तथा स्वीकृत कॉलोनियों (लाइसेंस जारी किए गए) की जिलेवार तथा वर्षवार संख्या कितनी है?

----

## प्रहरी योजना का ब्यौरा

99 **श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि प्रहरी योजना के संबंध में निम्नलिखित ब्यौरा क्या है:-

(क) 80 वर्ष से अधिक आयु वाले व्यक्तियों की जिलेवार संख्या कितनी है;

(ख) सरकारी कर्मचारियों की संख्या तथा उनकी रैंक जिन्हें हर दो महीने में एक बार बुजुर्गों से मिलने का कर्त्तव्य सौंपा गया है;

(ग) बुजुर्गों की संख्या कितनी है जिनसे सरकारी कर्मचारियों द्वारा व्यक्तिगत रूप से

मिला जाता है तथा उनके मिलने की आवृति/क्रम क्या हैं; तथा

(ग) क्या सरकार द्वारा 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों की आवश्यकताओं/जरूरतों के संबंध में कोई डाटा एकत्रित किया गया है?

----

**पानी जमा होने की समस्या का समाधान करना**

100 **श्री जगबीर सिंह मलिक (गोहाना):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि गोहाना विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के गावों के तालाबों में पानी जमा होने की समस्या है; यदि हां; तो उसका गांव-वार ब्यौरा है; तथा

(ख) क्या उपरोक्त तालाबों की समस्या के समाधान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उक्त समस्या का समाधान कब तक किये जाने की संभावना है?

----

**सड़कों की मरम्मत करना**

101 **श्री जगबीर सिंह मलिक (गोहाना):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि पिनाना से तिहाड़ मलिक, जुआन से मच्छारी बोहला से रोलाड, दोदवा से बोहला, लाठ से बिधल तथा लाठ से बाली ब्राह्मन सड़कें खराब स्थिति में है; यदि हां, तो इनकी मरम्मत कब तक किए जाने की संभावना है?

----

**महिलाओं के विरुद्ध अपराध में वृद्धि**

102 **श्री जगबीर सिंह मलिक (गोहाना):**

क्या गृह मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क्या अप्रैल, 2020 से 31.01.2024 तक राज्य में महिलाओं के विरुद्ध अपराध अर्थात हत्या, अपहरण, दहेज, हत्या इत्यादि की दर में वृद्धि या कमी आई है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा

क्या है?

----

## अग्निकांड स्मारक को राजकीय स्मारक घोषित करना

103 **श्री अमित सिहाग ( डबवाली):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि मंडी डबवाली में अग्निकांड स्मारक को राजकीय स्मारक बनाने के प्रस्ताव पर सरकार द्वारा क्या प्रगति की गई है?

----

## मनोचिकित्सक को स्थानांतरित करने के कारण

104 **श्री अमित सिहाग ( डबवाली):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि स्वास्थ्य मंत्री द्वारा स्थाई नियुक्ति के आश्वासन के पश्चात् भी डबवाली नागरिक अस्पताल से मनोचिकित्सक को स्थानांतरित करने के कारण क्या हैं?

----

## बंद विद्यालयों की संख्या

105 **श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) 2014 से सरकार द्वारा बंद किए गए राजकीय विद्यालयों की संख्या कितनी है;

(ख) इन गांवों/क्षेत्रों में शिक्षा देने/प्रदान करने की सरकार की क्या योजना है; तथा

(ग) सरकार/पंचायतों द्वारा इन विद्यालयों की संपत्तियों का किस प्रकार उपयोग किया जा रहा है?

----

## छात्रवृत्ति का भुगतान

106 **श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर)ः**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि सरकार द्वारा अनुसूचित जाति/पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति का भुगतान नियमित रूप से नहीं किया जा रहा है;

(ख) विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत बकाया का ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) अनुसूचित जाति/पिछड़ा वर्ग विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का भुगतान न करने के कारण क्या हैं?

----

## स्नातकोतर शिक्षक, प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक, जूनियर बेसिक टीचर के स्वीकृत पदों की संख्या

107 **श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर)ः**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) राज्य में स्नातकोतर अध्यापक, प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक तथा जूनियर बेसिक टीचर अध्यापकों के स्वीकृत पदों की संख्या कितनी है तथा उसका जिले-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) राज्य के विद्यालयों में वर्तमान में कार्यरत स्नातकोतर शिक्षक, प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक तथा जूनियर बेसिक टीचर अध्यापकों की संख्या कितनी है; तथा

(ग) राज्य के विद्यालयों में(सामान्य, ओ.बी.सी.,एस.सी.,बी.सी., ई.एस.एम. के भी) अध्यापकों की कैडर-वार तथा श्रेणी-वार रिक्तियों का ब्यौरा क्या है ?

----

## किसान भवन का निर्माण कार्य आरंभ करना

108 **श्रीमती नैना सिंह चौटाला (बाढड़ा )ः**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) दादरी में कृषि विभाग के प्रस्तावित जिला कार्यालय भवन (किसान भवन) के निर्माण कार्य को कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है;

(ख) उप-मंडल मुख्यालय, बाढ़डा पर कृषि विभाग के उप-मंडल कार्यालय के निर्माण की प्रक्रिया में सरकार द्वारा की गई प्रगति का ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) क्या खंड झोझू कलां में कृषि विभाग के खंड कार्यालय को स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है?

----

**ग्राम दर्शन पोर्टल के अंतर्गत विकास कार्य**

109 **श्रीमती नैना सिंह चौटाला (बाढड़ा):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) बाढ़डा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में ग्राम दर्शन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हुए आवेदनों की संख्या कितनी है तथा उनका ग्राम-वार ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) उक्त आवेदनों पर संबंधित विभाग द्वारा की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है?

----

**पार्क का निर्माण कार्य आरंभ करना**

110 **श्रीमती नैना सिंह चौटाला (बाढड़ा):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि दादरी के सेक्टर 9 में स्थित चौधरी देवीलाल पार्क का निर्माण कार्य कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है?

----

**दादरी नगर परिषद की सीमाओं का विस्तार करना**

111 **श्रीमती नैना सिंह चौटाला (बाढड़ा):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) दादरी नगर परिषद क्षेत्र की सीमाएं पहले कब निर्धारित की गई थी; तथा

(ख) क्या दादरी नगर परिषद क्षेत्र की सीमाओं का विस्तार करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो दादरी नगर परिषद क्षेत्र की सीमाओं का विस्तार कब तक किए जाने की संभावना है?

----

**चंडीगढ़.** **राजेन्द्र कुमार नांदल,**

**दिनांक 26 फ़रवरी, 2024.** **सचिव**